Uturn Time 04 Feb 2026_Layout 2 03-02-2026 23:27 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

जैसे कोई प्रेमिका, होती नखरेबाज।
झट से जाती मान जो, झट होती नाराज।
झट होती नाराज, ट्रंप का यही रवैया।
कल तक कट्टी रही, आज फिर ता-ता थैया।
कह साहिल कविराय, मुहब्बत करते ऐसे।
मोदी जी से इश्क, ट्रंप जी करते जैसे।



- डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 23 | WEDNESDAY 04-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com







# सेंसेक्स 2,000 अंक से ज्यादा चढ़ा, निफ्टी 50 25,700 के ऊपर बंद हुआ; सभी सेक्टर हरे निशान में

चंडीगढ़/यूटर्न/3 फरवरी। मंगलवार को भारत और अमेरिका के बीच एक बड़े ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा के बाद भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त तेजी देखी गई। बेंचमार्क इंडेक्स एक ही ट्रेडिंग सेशन में लगभग 5% बढ़े, जो निवेशकों के मजबूत उत्साह को दिखाता है। सेंसेक्स 2.54% बढ़कर 83,739 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 लगभग 2.55% बढ़कर 25,727 पर बंद हुआ, जो हाल के समय की सबसे मजबूत एक-दिवसीय रैलियों में से एक है। घरेलू इक्विटी बाजार में जबरदस्त तेजी के साथ शुरूआत हुई, शुरूआती कारोबार में इसमें काफी बढ़ोतरी हुई, जिसे बहुप्रतीक्षित भारत-अमेरिका ट्रेड एग्रीमेंट की घोषणा के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों से बढ़ावा मिला।ओपनिंग बेल पर, बेंचमार्क इंडेक्स ने अभूतपूर्व बढ़त दर्ज की, जो विभिन्न सेक्टरों में निवेशकों के मजबूत उत्साह को दशार्ता है।



## वैश्विक बाजार के संकेत सकारात्मक

वैश्विक बाजार के संकेत सकारात्मक रहे क्योंकि एशियाई बाजारों में तेजी आई, और अमेरिकी शेयर बाजार रात भर ऊंचे स्तर पर बंद हुआ, जिसका नेतृत्व टेक्नोलॉजी शेयरों ने किया। कुल 111 कंपनियाँ 3 फरवरी को अपने तीसरी तिमाही के नतीजे जारी करने वाली हैं। कुछ प्रमुख कंपनियाँ जिनसे द3 के नतीजे घोषित करने की उम्मीद है, उनमें अदानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड, अदानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड, बजाज फाइनेंस लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, वरुण बेवरेजेज लिमिटेड और NMDC लिमिटेड शामिल हैं।

**अदानी एंटरप्राइजेज और अदानी पोर्ट्स ने मजबूत खरीदारी का किया नेतृत्व...**निफ्टी 50 के घटकों में, अदानी एंटरप्राइजेज और अदानी पोर्ट्स ने मजबूत खरीदारी के समर्थन से सबसे ज्यादा लाभ पाने वालों की सूची में नेतृत्व किया। इसके उलट, बड़े मार्केट में तेजी के बावजूद, टेक महिंद्रा और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लाल निशान में बंद हुए। सेक्टोरल परफॉर्मेंस एक जैसा पॉजिटिव रहा, जिसमें निफ्टी हेल्थकेयर, निफ्टी केमिकल और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज टॉप परफॉर्मर बनकर उभरे, जो इंडस्ट्रीज में बड़े पैमाने पर मजबूती को दिखाता है।

## निफ्टी ने 50 इंटेक्स पर कारोबार किया शुरू

निफ्टी 50 इंडेक्स ने 26,308.05 पर कारोबार शुरू किया, जो 1,219.65 अंक या 4.86% बढ़ा, जबकि सेंसेक्स 3,656.74 अंक या 4.48% बढ़कर 85,323.20 पर शुरू हुआ। ट्रेड डील की घोषणा के बाद वैश्विक जोखिम लेने की क्षमता बढ़ने के बीच बाजारों ने बहुत सकारात्मक नोट पर शुरूआत की, जिससे काफी तेजी देखी गई। भारत-अमेरिका ट्रेड डील की घोषणा से वैश्विक जोखिम भावना में सुधार हुआ, क्योंकि अमेरिका भारतीय सामानों पर अपने पारस्परिक टैरिफ को 25% से घटाकर 18% कर देगा और भारत भी अमेरिका के खिलाफ अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को शून्य कर देगा।

## बड़े मार्केट में भी अस्थिरता दिखी

बड़े मार्केट में भी इसी तरह की अस्थिरता देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 दोनों को गैप अप ओपनिंग के बाद शुरूआती प्रॉफिट बुकिंग का सामना करना पड़ा, लेकिन आखिरकार वे शानदार तेजी के साथ बंद हुए, जिसमें क्रमशः 2.84% और 2.82% की बढ़त दर्ज की गई। मार्केट की स्थिति काफी हद तक पॉजिटिव रही, जिसमें निफ्टी 500 के 447 स्टॉक दिन के आखिर में हरे निशान में बंद हुए, जो बड़े मार्केट में मजबूत भागीदारी और कुल मिलाकर बुलिश माहौल का संकेत देता है।

# जीरकपुर में युवती से कथित छेड़छाड़ का मामला, आरोपी पर पॉक्सो समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज

जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। जीरकपुर में एक युवती के साथ कथित रूप से अश्लील हरकत और जबरदस्ती छेड़छाड़ किए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के बयान के आधार पर पुलिस थाना जीरकपुर ने आरोपी युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74 और पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

- पीड़िता के बयान पर पुलिस ने शुरू की जांच

पुलिस को दिए बयान में पीड़िता ने बताया कि वर्ष 2024 में आरोपी युवक उसके परिवार के साथ उसी रिहायशी सोसाइटी में रहता था। इसी दौरान दोनों की जान-पहचान हुई और खेलकूद के दौरान बातचीत बढ़ी। पीड़िता के अनुसार आरोपी शुरू में दोस्ताना व्यवहार करता था।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि 14 मई 2025 को वह जीरकपुर स्थित ऑक्सफोर्ड स्ट्रीट में अपने एक दोस्त की जन्मदिन पार्टी में शामिल होने गई थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने उसे बार-बार फोन कर उसकी लोकेशन पूछी और खुद को करीबी बताते हुए पार्टी करने की बात कही। बाद में आरोपी ने उसे पीआर-7 रोड पर मिलने के लिए बुलाया।

पीड़िता के अनुसार आरोपी कार लेकर वहां पहुंचा और उसके कहने पर वह कार में बैठ गई। कार में पहले से ही बीयर का खुला कैन रखा हुआ था और आरोपी शराब के नशे में था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उस पर भी शराब पीने का दबाव बनाया। मना करने पर आरोपी ने जबरदस्ती करने की कोशिश की।

पीड़िता ने अपने बयान में आरोप लगाया कि आरोपी ने गलत नीयत से उसके साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी और बार-बार रोकने के बावजूद वह नहीं रुका। आरोपी ने जबरदस्ती चूमने और अश्लील हरकत करने का प्रयास किया। घटना के दौरान युवती घबरा गई और किसी तरह कार से उतरकर वहां से निकल पाई।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद वह लंबे समय तक सदमे और डर में रही, जिसके कारण उसने किसी को कुछ नहीं बताया। करीब सात महीने तक वह मानसिक तनाव में रही। बाद में जब उसके माता-पिता ने उसके व्यवहार में बदलाव देखा तो पूछताछ करने पर उसने पूरी घटना अपने पिता को बताई। इसके बाद पीड़िता के पिता ने पुलिस को शिकायत दी।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामला गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। शिकायत के आधार पर पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# डीजीपी पंजाब ने एनडीसी प्रतिनिधिमंडल से की अहम बैठक, राज्य की सुरक्षा चुनौतियों पर मंथन







चंडीगढ़/मोहाली, यूटर्न, 03 फरवरी। मंगलवार कोपंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने नेशनल डिफेंस कॉलेज , नई दिल्ली के 66वें एनडीसी कोर्स के तहत सामाजिक-राजनीतिक-आर्थिक अध्ययन यात्रा पर पंजाब आए 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के साथ एस.ए.एस. नगर में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक के दौरान पंजाब की बदलती सुरक्षा स्थिति, आंतरिक सुरक्षा से जुड़ी प्रमुख चुनौतियों और आधुनिक पुलिसिंग रणनीतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। चर्चा में विशेष रूप से आतंकवाद विरोधी कदमों, सीमा प्रबंधन और कानून-व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया गया।

डीजीपी पंजाब ने प्रतिनिधिमंडल के साथ अंतर-एजेंसी समन्वय, पुलिसिंग में तकनीक के प्रभावी एकीकरण और समुदाय-केंद्रित पुलिसिंग मॉडल को लेकर पंजाब पुलिस के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि इन पहलों ने राज्य में शांति, स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई है। प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब पुलिस की कार्यप्रणाली और सुरक्षा प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की तथा इस तरह की बैठकों को राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा नीतियों को समझने के लिए उपयोगी बताया।

# पटियाला रोड जीरकपुर पर तेज रफ्तार कार की टक्कर, महिला घायल

जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। पटियाला रोड जीरकपुर पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में सुखविंदर सिंह (उम्र करीब 51 वर्ष), निवासी ए.के.एस.-1 कॉलोनी, जीरकपुर ने पुलिस थाना जीरकपुर में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायतकर्ता के अनुसार 9 नवंबर 2025 को वह अपनी पत्नी उषा के साथ कार में काला अंब (हिमाचल प्रदेश) से वापस लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे जब वे लकी ढाबा कट, पटियाला रोड जीरकपुर से अपने घर की ओर मुड़े, तभी पटियाला की ओर से तेज गति से आ रही एक हुंडई वरना कार के चालक ने लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना ढंग से वाहन चलाते हुए उनकी कार को बाईं ओर से टक्कर मार दी। हादसे में सुखविंदर सिंह की पत्नी उषा को सीने के बाईं ओर चोटें आईं, जबकि सुखविंदर सिंह को पैर में मामूली चोट लगी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार की दोनों बाईं खिड़कियां टूट गईं और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा।

4th Year Anniversary
RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 23 | WEDNESDAY 04-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# नगर निगम में गोबर लिफ्टिंग टेंडर में बड़ा खेल, 33 करोड़ का अलॉट किया टेंडर, उच्च अधिकारी द्वारा 10 प्रतिशत कमीशन लेने की चर्चाएं

लुधियाना/यूटर्न/3 फरवरी। लुधियाना कारपोरेशन की और से डेयरियों के गोबर को लिफ्टिंग करने के लिए टेंडर अलॉट कर दिया गया है। चर्चा है कि इस टेंडर के खेल में बड़ा हेरफेर किया गया है। दरअसल, नगर निगम के पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल के कार्यकाल के दौरान कई टेंडरों में घोटाले होने के आरोप लगे। वहीं एसई संजय कंवर भी इस टेंडर कमीशन के खेल में गिरफ्तार हुए। वहीं चर्चा है कि कमिश्नर रहते हुए आदित्य डेचलवाल अपने तबादले से पहले पहले जबरन ही उक्त गोबर लिफ्टिंग का टेंडर अलॉट कर गए। करीब 33 करोड़ का यह टेंडर तीन साल के लिए अलॉयस वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को दिया गया है। जिसमें कंपनी गोबर उठाएगी और फिर निगम की ही जगह पर फेकेंगी। फिर उस गोबर को ठेकेदार खाद बनाने या बेचने के लिए इस्तेमाल करेगा। हैरानी की बात तो यह है कि गोबर जैसी खाद उठाने के लिए भी निगम करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। जबकि उक्त खाद से पैसा कमाया जा सकता था। चर्चा है कि इस टेंडर के खेल में एक उच्च अधिकारी को करीब 10 प्रतिशत कमीशन मिली है। इस कमीशन के खेल में ही टेंडर जल्दबाजी में अलॉट किया गया है। अब देखना होगा कि क्या मौजूदा कमिश्नर नीरू कत्याल द्वारा इस मामले में संज्ञान लिया जाएगा या नहीं।





पूर्व निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल

## तीन साल के लिए अलॉट किया टेंडर

जानकारी के अनुसार पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल की और से यह टेंडर तीन साल के लिए अलॉयंस वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी को अलॉट किया गया है। जिसमें कंपनी द्वारा हैबोवाल और ताजपुर रोड की डेयरियां का गोबर लिफ्टिंग किया जाएगा। जिसे दो किलोमीटर दूर निगम की ही जमीन पर गिराया जाएगा। 750 रुपए प्रति टन के हिसाब से यह टेंडर दिया गया है।

## सांसद सीचेवाल के अभियान का उठाया नाजायज फायदा

सांसद बलबीर सिंह सीचेवाल की और से लुधियाना के बुड्ढा दरिया को साफ करने के लिए अभियान चलाया गया है। जिसके चलते उनकी और से डेयरी मालिकों पर गोबर दरिया में डालने पर रोक लगाई गई थी। उसी मुहिम का नाजायज फायदा उठाते हुए पूर्व कमिश्नर डेचलवाल की और से यह टेंडर अलॉट करवा दिया।

## दो-तीन बार लगाना चाहिए था टेंडर

चर्चाएं है कि ज्यादातर टेंडर निगम द्वारा एक ही कंपनी को दिलाने का प्रयास किया जाता है। वहीं एक्सपर्ट की मानें तो अगर एक बार में टेंडर के लिए ज्यादा कंपनियों ने बीड नहीं की तो उसे 2-3 बार टेंडर करवाकर और कंपनियों की हिस्सेदारी डाली जा सकती थी। लेकिन मिलीभगत के चलते अधिकारियों ने सिर्फ एक कंपनी पर ही फोक्स रखा।

## गोबर से पैसा कमाने की जगह करोड़ों खर्च डाले

वहीं गोबर एक खाद है। जिसका पाउडर तक बनाकर लोग पैसा कमा रहे हैं। ऐसे में निगम द्वारा इस खाद के जरिए पैसा न कमाने की सोचकर करोड़ों रुपए खर्च कर डाले। जबकि अब उसी गोबर को ठेकेदार द्वारा लिफ्ट करके एक जगह रखा जाएगा और फिर उसकी खाद तैयार करके आगे बेची जाएगी। यानि कि जो फायदा सीधे तौर पर निगम को होना था, वह अब ठेकेदार कंपनी को होगा।

## मुझे दुश्मन क्या मारेगा, जब ऊपर वाला मेरा दोस्त

वहीं चर्चा है कि निगम के पूर्व कमिश्नर की और से अक्सर ही धोंस जमाई जाती थी कि मुझे दुश्मन क्या मारेगा, मेरा दोस्त ऊपर वाला है। ऐसे में अब चर्चा छिड़ गई है कि आखिर ऊपर वाला कौन है, जिसके सिर पर अधिकारियों द्वारा इतनी धोंस जमाई जा रही थी।

# बड़ी खबर; राजा वड़िंग और गुरजीत औजला समेत 8 MP संसद से सस्पेंड

नवीन गोगना

नई दिल्ली, युटर्न 03 फरवरी। आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही सदन में बहस हो गई, जिसकी वजह से कार्यवाही कई बार रोकनी पड़ी। असल में, माहौल तब फिर गरमा गया जब राहुल गांधी एक बार फिर पूर्व जनरल एम.एम. नरवणे की अनपब्लिश्ड किताब के बारे में बात करने लगे। उन्हें एक बार फिर स्पीकर ने ऐसा करने से रोक



दिया, क्योंकि नियमों के मुताबिक, लोकसभा में कोई भी मुद्दा बिना किसी अनपब्लिश्ड या अनवेरिफाइड सोर्स पर भरोसा किए नहीं उठाया जा सकता। इस बार जब राहुल गांधी को स्पीकर कृष्ण प्रसाद तानेटी ने रोका, तो राहुल के सपोर्टर्स के बीच तीखी बहस शुरू हो गई और माहौल इतना गरमा गया कि कुछ टढ२ ने स्पीकर पर कागज फेंके, जिसके बाद कार्यवाही फिर रोकनी पड़ी। संसद में हुई इस घटना के बाद इखढ टढ और कैबिनेट मंत्री किरेन रिजिजू ने इन सदस्यों को सस्पेंड करने की मांग की थी, जिसके बाद स्पीकर ने कांग्रेस टढ गुरजीत सिंह औजला, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, डीन कुरियाकोस, किरण कुमार रेड्डी, वेंकट रमन, मणिकम किशोर, प्रशांत पडोले और हिबी ईडन को संसद के बाकी सेशन के लिए सस्पेंड कर दिया।

# जीरकपुर की नई वार्डबंदी पर अदालत की रोक, 18 फरवरी को अगली सुनवाई

## नगर परिषद चुनाव पुरानी वार्डबंदी से होने की उम्मीद



मेजर अली

जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। आगामी नगर परिषद चुनाव को लेकर सरकार द्वारा जीरकपुर में की गई नई वार्डबंदी को बड़ा झटका लगा है। नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों द्वारा अदालत में चुनौती दिए जाने के बाद माननीय अदालत ने इस वार्डबंदी पर स्टे लगा दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी 2026 को तय की गई है।

जानकारी के अनुसार, जीरकपुर में नई वार्डबंदी के खिलाफ सभी पार्षदों ने प्रस्ताव पारित किया था। इसके बाद नगर परिषद अध्यक्ष उदयवीर सिंह ढिल्लों ने इस वार्डबंदी को अदालत में चुनौती दी। सुनवाई के दौरान अदालत ने पंजाब सरकार को नोटिस टू स्टे जारी किया था। मंगलवार 3 फरवरी 2026 को मामले पर विस्तार से बहस हुई, जिसके बाद अदालत ने नई वार्डबंदी पर रोक लगा दी। उल्लेखनीय है कि 22 दिसंबर 2025 को जीरकपुर शहर की नई वार्डबंदी की घोषणा की गई थी और इसका नक्शा नगर परिषद कार्यालय के बोर्ड पर प्रदर्शित कर दिया गया था। नक्शा सामने आते ही लगभग सभी पार्षदों ने इसका विरोध शुरू कर दिया था। सरकार की ओर से 29 दिसंबर 2025 तक इस वार्डबंदी पर एतराज मांगे गए थे।

एतराजों और सुझावों के बाद इस वार्डबंदी को नोटिफाई करने के लिए सरकार विभाग को भेज दिया गया था, जबकि इसकी अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 निर्धारित की गई थी। इसी दौरान मामला अदालत में पहुंच गया, जिसके चलते नई वार्डबंदी को अधिसूचित नहीं किया जा सका।

कानूनी जानकारों का कहना है कि अदालत की कार्रवाई और नागरिकों द्वारा लगाए गए एतराजों को देखते हुए आगामी नगर परिषद जीरकपुर के चुनाव पुरानी वार्डबंदी के आधार पर ही होने की संभावना जताई जा रही है।

नगर परिषद की टर्म 5 अप्रैल 2026 को समाप्त हो रही है। नियमों के अनुसार जो नई वार्डबंदी की गई थी, वह पूरी तरह गलत थी। हमने इस वार्डबंदी को अदालत में चुनौती दी थी। आज 3 फरवरी को माननीय अदालत ने नई वार्डबंदी पर स्टे लगा दिया है और अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। अब नगर परिषद चुनाव पुरानी वार्डबंदी के अनुसार ही होने चाहिए।

— उदयवीर सिंह ढिल्लों, अध्यक्ष नगर परिषद जीरकपुर

# साइबर सेल की सराहनीय कार्रवाई, गुमशुदा 11 मोबाइल फोन ट्रेस कर असली मालिकों को सौंपे



पंचकूला, यूटर्न, 03 फरवरी। पंचकूला पुलिस की साइबर सेल टीम ने एक बार फिर अपनी तकनीकी दक्षता और जनसेवा भावना का परिचय देते हुए गुमशुदा 11 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे। यह सराहनीय कार्रवाई इंस्पेक्टर निर्मल कुमार, प्रभारी साइबर सेल पंचकूला के नेतृत्व में की गई। इस अभियान में पीएसआई रामू स्वामी, कांस्टेबल रजनीश एवं कांस्टेबल पवन की अहम भूमिका रही। साइबर सेल टीम द्वारा आधुनिक तकनीकी साधनों की सहायता से मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया और आवश्यक सत्यापन के उपरांत उन्हें उनके सही मालिकों को सौंपा गया। मोबाइल फोन वापस मिलने पर सभी नागरिकों ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की तथा पंचकूला पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए टीम का धन्यवाद किया। नागरिकों ने कहा कि पंचकूला पुलिस की यह पहल आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को और मजबूत करती है। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने कहा कि पंचकूला पुलिस आमजन की सेवा और साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार जनहित में प्रभावी कार्रवाई करती रहेगी।

# पंचकूला गोल्फ लीग की शानदार वापसी, दूसरे सीजन में और भी शानदार गोल्फ देखने को मिलेगा



पंचकूला/यूटर्न/3 फरवरी। पहले सफल सीजन के बाद, पंचकूला गोल्फ लीग (पीजीएल) अपने दूसरे सीजन के लिए वापसी कर रही है। इस बार पीजीएल में कड़ी टक्कर, ज्यादा खिलाड़ी और एक बेहतर लीग एक्सपीरियंस मिलेगा और खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों को भी आनंद आएगा। 4 से 22 फरवरी 2026 तक पंचकूला गोल्फ क्लब में खेले जाने वाले इस नए सीजन से साफ है कि लीग एक शानदार शुरूआत से क्षेत्र के गोल्फिंग कैलेंडर पर एक मजबूत स्पोर्ट्स इवेंट के तौर पर डेवलप हुई है। अपने पहले सीजन की गति को आगे बढ़ाते हुए, 2026 के एडीशन में 16 टीमें होंगी, जिनमें से प्रत्येक में 16 खिलाड़ी होंगे, जो लीग के 2 फेज के दौरान दो अलग-अलग फॉर्मेट में मुकाबला करेंगे। 16 टीमों को 8-8 टीमों के 2 ग्रुप में बांटा गया है। लीग का पहला फेज, राउंड रॉबिन फेज, 4 से 17 फरवरी तक खेला जाएगा और खिलाड़ियों को व्यक्तिगत स्टेबलफोर्ड फॉर्मेट पर स्कोर किया जाएगा, जिसमें उनके स्कोर उनकी टीम के कुल स्कोर में गिने जाएंगे। राउंड रॉबिन फेज के दौरान अपने सभी राउंड से हासिल किए गए स्टेबलफोर्ड प्वाइंट्स के आधार पर प्रत्येक ग्रुप की टॉप 4 टीमें नॉक आउट फेज के लिए क्वालीफाई करेंगी जो फोर बॉल बेटर बॉल मैचप्ले फॉर्मेट में खेला जाएगा। फाइनल और तीसरे स्थान के प्लेऑफ 22 फरवरी को खेले जाएंगे और उसी दिन ग्रैंड फिनाले सनडाउनर प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह होगा।

**भाग लेने वाली टीमें...** ग्रुप ए: डिफेंडिंग चैंपियंस - हाइलैंड किंग्स (सीड 1), क्लब्स ऑन फ्लेम्स, ग्रीन वॉरियर्स, शिवालिक स्विंगर्स, जीबी लेजेंड्स, एडीएस फाल्कन्स, टी टाइटन्स, स्नीकिन गोल्फर्स (सीड 4) और ग्रुप बी: गोल्फिंग ईगल्स, रेजिंग बुल्स, पार-टी क्रैशर्स, हंसा लेजेंड्स, टी बर्ड्स, विक्ट्री वेव्स (सीड 2), गोल्फिंग पैंथर्स (सीड 3), फैंटास्टिक फोर्स शामिल है।

# जीरकपुर में विदेशी महिला ने टैक्सी चालक से की बदसलूकी, किराया देने से किया इनकार



जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। जीरकपुर में एक विदेशी महिला द्वारा टैक्सी चालक के साथ खुलेआम बदसलूकी किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि महिला ने न केवल टैक्सी का तय किराया देने से इनकार कर दिया, बल्कि चालक की गाड़ी पर जबरन कब्जा करने की भी कोशिश की।

**गाड़ी पर कब्जा करने की कोशिश का आरोप, वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

जानकारी के अनुसार, विदेशी महिला के लिए किसी अन्य व्यक्ति ने मोहाली के सेक्टर-82 से जीरकपुर आने के लिए टैक्सी बुक करवाई थी। यात्रा के दौरान किसी बात को लेकर महिला और टैक्सी चालक के बीच कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गई।

टैक्सी चालक का आरोप है कि महिला ने उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और किराया देने से साफ मना कर दिया। चालक का कहना है कि महिला ने उसे धमकाते हुए गाड़ी छीनने का प्रयास भी किया, जिससे वह काफी डर गया।

मामला बढ़ता देख टैक्सी चालक ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। इसी दौरान घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में महिला टैक्सी चालक पर रौब जमाती और उसे धमकाती नजर आ रही है।

घटना के बाद इलाके में चर्चा का माहौल है। टैक्सी चालक ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपी महिला के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और वायरल वीडियो के आधार पर तथ्यों की पड़ताल की जा रही है।

# वार्ड नंबर 7 में खुले गड्ढे में गिरी स्कूटी, 12 वर्षीय बच्चा गंभीर घायल







जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। वार्ड नंबर 7 में नगर परिषद और सीवरेज विभाग की गंभीर लापरवाही एक बड़े हादसे का कारण बन गई। करीब ढाई से तीन महीने पहले सीवरेज लाइन डालने के लिए सड़क को खोदा गया था। काम पूरा होने के बावजूद गड्ढे को न तो भरा गया और न ही वहां किसी तरह की बैरिकेडिंग या सुरक्षा व्यवस्था की गई।

मंगलवार शाम एक महिला अपने बच्चों के साथ स्कूटी पर जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी सड़क पर खुले पड़े गड्ढे में गिर गई। हादसे में महिला का 12 वर्षीय बेटा ऋतिक देवड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि महिला को भी अंदरूनी चोटें आई हैं। बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण चार टांके लगाने पड़े।

घायल बच्चे को तुरंत इलाज के लिए सेक्टर-6 अस्पताल, पंचकूला ले जाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह हादसा रात के अंधेरे में नहीं, बल्कि दिन के उजाले में हुआ, जिससे साफ जाहिर होता है कि सड़क पर खुला गड्ढा कितना खतरनाक बन चुका था। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढे को भर दिया जाता या सुरक्षा इंतजाम किए जाते तो यह दुर्घटना टल सकती थी।


घटना के बाद इलाके के लोगों में भारी रोष है। उन्होंने नगर परिषद और संबंधित अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। लोगों का कहना है कि यह घटना सिस्टम की अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता का बड़ा उदाहरण है, जिसमें एक मासूम बच्चा घायल हो गया।

चंडीगढ़

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

III बुधवार, 04 फरवरी 2026



पेज 08 मां बगलामुखी की कृपा से होता है शत्रुओं का नाश...

## भारत-अमेरिका डील: टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग और ऑटो कंपोनेंट्स होंगे विजेता, टैरिफ घटने से लुधियाना के टेक्सटाइल मालिकों को होगा फायदा

चंडीगढ़/यूटर्न/3 फरवरी। भारतीय सामानों पर अमेरिकी टैरिफ में 18 प्रतिशत की भारी कमी से भारत के एक्सपोर्ट पर निर्भर उद्योगों को तुरंत राहत मिलने वाली है, जिसमें टेक्सटाइल और कपड़ों का सेक्टर भारत-अमेरिका ट्रेड डील का सबसे बड़ा लाभार्थी बनकर उभरा है, जिसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन कॉल के बाद की गई। भारतीय एक्सपोर्टर्स जो महीनों से बढ़े हुए ड्यूटी से परेशान थे, जिससे कुछ कैटेगरी में प्रभावी टैरिफ लगभग 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था, उनके लिए यह कमी दुनिया के सबसे बड़े कंज्यूमर मार्केट में खोई हुई प्रतिस्पर्धा को वापस लाती है। यह फायदा उन लेबर-इंटेंसिव सेक्टर में सबसे ज्यादा महसूस होने की उम्मीद है जो कीमत के प्रति संवेदनशील हैं और जिनमें रोजगार भी ज्यादा है।



### टेक्सटाइल फिर से गेम में वापस

टेक्सटाइल और गारमेंट इंडस्ट्री, जो लाखों लोगों को रोजगार देती है और कई राज्यों में राजनीतिक रूप से संवेदनशील है, उसे टैरिफ में कटौती से बहुत ज्यादा फायदा होने वाला है। भारतीय कपड़ों के एक्सपोर्टर्स वियतनाम और बांग्लादेश जैसे प्रतिद्वंद्वियों से लगातार ऑर्डर खो रहे थे, क्योंकि ज्यादा अमेरिकी ड्यूटी के कारण भारतीय उत्पाद बड़े रिटेलर्स के लिए फायदेमंद नहीं रह गए थे।

### अभी कुछ दिन इंतजार करना जरुरी

हालांकि, लुधियाना के एक और विंटर वियर टेक्सटाइल मालिक गुरप्रीत सिंह कहते हैं, हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा। कई देश हमसे सस्ते हैं। इसलिए हमें अगले कुछ दिनों में इंतजार करना होगा और देखना होगा।

**एक्सपोर्ट्स को मिलेगी बड़ी राहत...** लुधियाना से अमेरिका को टेक्सटाइल एक्सपोर्ट करने वाले अमित



थापर कहते हैं कि यह एक बड़ी राहत है, हालांकि वह कहते हैं कि तुर्की, इंडोनेशिया, बांग्लादेश हमसे भी सस्ते हैं, लेकिन कम से कम हमें अपना बिजनेस वापस मिल जाएगा। थापर मुख्य रूप से अमेरिका के पूर्वी तटीय राज्यों जैसे फ्लोरिडा, जॉर्जिया, वर्जीनिया आदि को एक्सपोर्ट करते हैं।

### मैन्युफैक्चरर्स को कीमतों में समानता वापसी मिली

अब टैरिफ को घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है, जिससे भारतीय मैन्युफैक्चरर्स को कीमतों में समानता वापस मिल गई है, खासकर कॉटन के कपड़ों, होम टेक्सटाइल, यार्न और मेड-अप्स में, जहां भारत के पास बड़े पैमाने पर उत्पादन और सप्लाई-चेन की गहराई है। एक्सपोर्टर्स का कहना है कि यह समय बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अमेरिकी बाजार के लिए नए खरीदारी चक्र से ठीक पहले आया है। इस कदम से रुके हुए ऑर्डर फिर से शुरू होने, फैक्ट्री के इस्तेमाल में सुधार और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना और पानीपत जैसे क्लस्टर में रोजगार को स्थिर करने की उम्मीद है।

### कई अन्य वस्तुओं में भी राहत

कपड़ों के अलावा, व्यापक टेक्सटाइल वैल्यू चेन — जिसमें स्पिनिंग, वीविंग और प्रोसेसिंग शामिल है — में भी मांग में सुधार होने की संभावना है, खासकर जब खरीदार चीन से दूर सोर्सिंग में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

### अन्य सेक्टरों को भी फायदा होने की उम्मीद

टेक्सटाइल के साथ-साथ, इंजीनियरिंग सामान, ऑटो कंपोनेंट्स, केमिकल्स और फार्मास्यूटिकल्स को भी टैरिफ रीसेट से फायदा होने की उम्मीद है। इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट, जो अमेरिका को भारत के शिपमेंट का एक बड़ा हिस्सा है, पहले के टैरिफ सिस्टम के तहत लागत बढ़ने से प्रभावित हुआ था। इस कमी से मार्जिन बहाल होगा और एशियाई प्रतिस्पर्धियों के मुकाबले भारत की स्थिति बेहतर होगी। हालांकि डील में सेवाओं का सीधे तौर पर ज़िक्र नहीं है, लेकिन इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि बेहतर ट्रेड माहौल कछ और बिजनेस सेवाओं पर दबाव कम कर सकता है, खासकर आउटसोर्सिंग और टैलेंट मोबिलिटी जैसे क्षेत्रों में, भले ही कोई औपचारिक प्रतिबद्धता घोषित न की गई हो।

### 18 प्रतिशत ही क्यों? एक रणनीतिक समझौता

18 प्रतिशत का आंकड़ा पूरी तरह से जीरो-ड्यूटी ट्रेड पर लौटने के बजाय एक बातचीत से हुए समझौते को दिखाता है। पहले, भारतीय सामानों पर एक बेसिक रेसिप्रोकल टैरिफ लगता था, साथ ही भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद से जुड़ी एक अतिरिक्त पेनल्टी भी लगती थी। नई दर दंडात्मक तत्व को हटाती है, जबकि एक बची हुई ड्यूटी को बनाए रखती है, जिससे वाशिंगटन ट्रेड लिबरलाइजेशन को घरेलू राजनीतिक विचारों के साथ संतुलित कर सके।

### रूस फैक्टर: चुपचाप बेचैनी की संभावना

रूस इस डील को शायद ही गर्मजोशी से देखेगा, खासकर अगर इसका नतीजा यह होता है कि भारत अमेरिकी ऊर्जा के पक्ष में रियायती रूसी कच्चे तेल की अपनी खरीद कम कर देता है। हालांकि, नई दिल्ली के साथ अपने रणनीतिक और रक्षा संबंधों की गहराई को देखते हुए, मॉस्को से टकराव के बजाय सावधानी से प्रतिक्रिया देने की उम्मीद है।

### सिर्फ़ ऊपरी डील से कहीं ज्यादा

हालांकि हेडलाइन टैरिफ के बारे में है, लेकिन यह समझौता एक गहरे रीअलाइनमेंट का संकेत देता है। अमेरिका ने अमेरिकी ऊर्जा, कृषि और टेक्नोलॉजी की भारतीय खरीद में बढ़ोतरी की उम्मीदों का संकेत दिया है, जबकि भारत चुनिंदा रूप से अपने बाजारों को और खोल सकता है। यह डील एक अंतिम निपटारे से ज्यादा, बढ़े हुए आर्थिक जुड़ाव के लिए एक फ्रेमवर्क जैसा लगता है, जिसमें टेक्सटाइल को तत्काल फायदा होगा।

## टी-प्वाइंट पर खुला मैनहोल बना जानलेवा, हादसे को दावत दे रही प्रशासनिक लापरवाही

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 फरवरी। स्थानीय मुबारकपुरझपंडवाला टी-प्वाइंट पर सीवरेज का एक खुला मैनहोल पिछले कई दिनों से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। व्यस्त सड़क के ठीक बीच स्थित यह मैनहोल किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है, लेकिन संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर आंखें मूंदे हुए है।

यह मैनहोल टी-प्वाइंट के बीचों-बीच स्थित है, जहां से दिन-रात भारी संख्या में वाहन गुजरते हैं। रात के समय रोशनी की कमी के कारण दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह और भी अधिक खतरनाक हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अंधेरे में कई वाहन चालक इसमें गिरते-गिरते बाल-बाल



बचे हैं।

स्थानीय निवासियों और दुकानदारों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक मैनहोल को ढकने या उसकी मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों का कहना है कि यहां से रोजाना सैकड़ों वाहन गुजरते हैं और किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। क्षेत्रवासियों ने सवाल उठाया है कि क्या प्रशासन किसी गंभीर दुर्घटना का इंतजार कर रहा है? लोगों ने नगर परिषद और प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि इस खुले मैनहोल को तुरंत बंद किया जाए और मजबूत ढक्कन लगाया जाए, ताकि किसी की जान-माल का नुकसान न हो। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे मजबूरन प्रदर्शन करने पर विवश होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## पेंचक सिलाट में चंडीगढ़ का जलवा, ऑल इंडिया चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते कई पदक

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित तीसरी ऑल इंडिया पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2025-26 में



चंडीगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया। विभिन्न वर्गों में दमदार खेल दिखाते हुए चंडीगढ़ टीम ने कई पदक अपने नाम किए। सब-जूनियर 66 किलोग्राम वर्ग में दक्ष महाजन ने बेहतरीन प्रदर्शन कर रजत पदक हासिल किया। वहीं सीनियर बॉयज 95 किलोग्राम वर्ग में यादविंदर चौहान ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। टीम इवेंट में भी चंडीगढ़ के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। हिमांशु, साहिल और ध्रुव की सीनियर पुरुष रेगु टीम ने उत्कृष्ट तकनीक और तालमेल का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। इसी तरह आनंदिता सिंह मनकोटिया, अनुहार कौर और सहज कौर की सीनियर महिला रेगु टीम ने भी शानदार खेल दिखाकर कांस्य पदक अपने नाम किया।

इस उपलब्धि पर टीम के कोच परमिंदर सिंह, महिला कोच वंदना, मैनेजर पूजा और महासचिव भरत भूषण (लाली) ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में भी चंडीगढ़ के खिलाड़ी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## श्री सुखमनी डेंटल कॉलेज व अस्पताल डेराबस्सी में प्रोस्थोडॉन्टिस्ट सप्ताह का आयोजन

डेराबस्सी, यूटर्न, 03 फरवरी। श्री सुखमनी डेंटल कॉलेज एवं अस्पताल, डेराबस्सी के प्रोस्थोडॉन्टिक्स, क्राउन एंड ब्रिज एवं इम्प्लांटोलॉजी विभाग द्वारा प्रोस्थोडॉन्टिस्ट सप्ताह उत्साहपूर्वक मनाया गया। यह सप्ताहभर का आयोजन कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. रमणदीप कौर सोही और डायरेक्टर श्री दमनजीत सिंह के नेतृत्व में इंडियन प्रोस्थोडॉन्टिक सोसाइटी (आईपीएस), चंडीगढ़ शाखा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल डॉ. रमणदीप कौर सोही ने कहा कि प्रोस्थोडॉन्टिस्ट दिवस उन विशेषज्ञों के योगदान को सम्मानित करने का अवसर है, जो खोए हुए दांतों के पुनर्वास के माध्यम से मरीजों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करते हैं।



सप्ताह भर अकादमिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें वैक्स मॉडलिंग, दस्ताने व मास्क से क्राफ्ट, आर्टिकुलेटर पेंटिंग, रंगोली, स्किट, पोस्टर प्रेजेंटेशन, '60 सेकंड में प्रोस्थो', स्लोगन लेखन और मीम प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता और व्यावसायिक ज्ञान प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग की एचओडी डॉ. वीनस सिडाना, रीडर डॉ. दीपिका और डॉ. श्वेता बिंद्रा के मार्गदर्शन में किया गया। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। एसएसजीआई के चेयरमैन श्री कंवलजीत सिंह ने डायरेक्टर श्री दमनजीत सिंह के साथ विभाग के प्रयासों की सराहना की। सप्ताह का समापन पतंग उड़ाने के कार्यक्रम के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। प्रोस्थोडॉन्टिस्ट सप्ताह 2026 विद्यार्थियों के लिए सीखने, रचनात्मकता और उत्सव का सफल संगम साबित हुआ।

Uturn Time 04 Feb 2026_Layout 2 03-02-2026 23:28 Page 6



# लगभग 30 वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त: मंत्री अरोड़ा के निरंतर प्रयासों से हलवारा एयरपोर्ट हुआ क्रियाशील

लगभग 30 सालों से चले आ रहे विलंब के बाद अंततः हलवारा एयरपोर्ट का सपना साकार हो गया है। 1 फरवरी 2026 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन किए जाने के साथ ही यह बहुप्रतीक्षित परियोजना औपचारिक रूप से क्रियाशील हो गई।


इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय वर्तमान पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सांसद श्री संजीव अरोड़ा को जाता है, जिन्होंने वर्ष 2022 से लगातार, निरंतर और बहुस्तरीय प्रयासों के माध्यम से इस परियोजना को मंज़िल तक पहुंचाया। उन्होंने विभिन्न मंचों पर इस मुद्दे को मजबूती से उठाया और संबंधित विभागों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखा। उनकी यह मेहनत रंग लाई।

श्री अरोड़ा की दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रतिबद्धता के परिणाम स्वरूप अब एयर इंडिया को भारतीय वायुसेना से आवश्यक अनुमति प्राप्त हो गई है और मार्च 2026 के पहले सप्ताह से उड़ान सेवाएं प्रारंभ होने जा रही हैं।

हलवारा एयरपोर्ट का संचालन शुरू होना न केवल लुधियाना और आसपास के जिलों के लिए हवाई संपर्क को सशक्त करेगा, बल्कि समय की मांग अनुसार इससे पंजाब के औद्योगिक, व्यापारिक और आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। यह परियोजना राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी।







## संजीव अरोड़ा द्वारा इस संबंध में किए गए प्रमुख प्रयास और उपलब्धियाँ इस प्रकार हैं:

**नवंबर 22, 2022**

हवाई अड्डे की रुकी हुई प्रगति को पुनः शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान का हस्तक्षेप।

**दिसंबर 11, 2022**

निर्माण कार्य पुनः आरंभ करने हेतु 50 करोड़ रुपये जारी किए गए।

**जनवरी 17, 2023**

राज्यसभा सांसद रहते हुए संजीव अरोड़ा ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय से दिल्ली–लुधियाना उड़ानें पुनः शुरू करने की अपील की।

**अप्रैल 14, 2023**

सांसद अरोड़ा ने हलवारा से उड़ानें शुरू करने के लिए सभी एयरलाइनों को पत्र लिखा।

**मई 7, 2023**

सांसद अरोड़ा ने हलवारा हवाई अड्डे का निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की वकालत की।

**अगस्त 22, 2023**

नागरिक उड्डयन सचिव श्री राजीव बंसल से अनुमति मिलने के बाद एयरलाइनों को हलवारा से दिल्ली और मुंबई के लिए उड़ानें शुरू करने की स्वीकृति मिली।

**अगस्त 26, 2023**

सांसद अरोड़ा ने विकास प्रगति की समीक्षा हेतु हलवारा हवाई अड्डे का दौरा किया।

**जनवरी 9, 2024**

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्माण प्रगति पर अद्यतन जानकारी दी।

**जनवरी 31, 2024**

लुधियाना के पास हलवारा में अंतरिम टर्मिनल भवन के उद्घाटन का अनुरोध किया गया।

**जुलाई 19, 2024**

सांसद अरोड़ा ने एएआई, पीडब्ल्यूडी और भारतीय वायु सेना के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य की समीक्षा की।

**अगस्त 13, 2024**

सांसद अरोड़ा ने टाटा संस के अध्यक्ष श्री एन. चंद्रशेखरन से उड़ान संचालन पर चर्चा की।

**अगस्त 29, 2024**

सांसद अरोड़ा ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की; उड़ानें जल्द शुरू करने का भरोसा मिला।

**सितंबर 3, 2024**

सांसद अरोड़ा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को पत्र लिखकर निर्माण कार्य तेज करने की मांग की।

**दिसंबर 21, 2024**

हवाई अड्डे के कोड और संचालन तिथि पर एएआई अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के साथ बैठक हुई।

**जनवरी 8, 2025**

एयर इंडिया ने सूचित किया कि कमीशनिंग और अनुमोदन प्रक्रिया के बाद उड़ानें शुरू होंगी।

**जनवरी 10, 2025**

एयर इंडिया ने हलवारा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें संचालित करने पर सहमति दी।

**फरवरी 4, 2025**

हलवारा हवाई अड्डे को एच.डब्ल्यू.आर. हवाई कोड प्राप्त हुआ।

**फरवरी 19, 2025**

सांसद अरोड़ा और लुधियाना के पूर्व डिप्टी कमिश्नर श्री जतिंदर जोरवाल ने अंतिम चरण के कार्यो की समीक्षा की।

**मई 23, 2025**

मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान ने सिविल एविएशन मंत्रालय से टर्मिनल को चालू करने और उड़ानें साहनेवाल से हलवारा स्थानांतरित करने का अनुरोध किया।

**जून 2025**

ढांचागत कार्य पूरे हुए; 2,000 वर्ग मीटर टर्मिनल भवन का आंतरिक कार्य एवं ग्लास फेकेड का कार्य पूरा हुआ।

**जुलाई 27, 2025**

तकनीकी कारणों से माननीय प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित वर्चुअल उद्घाटन स्थगित किया गया।

**दिसंबर 2, 2025**

राज्यसभा में सांसद श्री राजिंदर गुप्ता ने प्रतिदिन 2,500 यात्रियों की क्षमता का उल्लेख करते हुए संचालन तेज करने की अपील की।

**दिसंबर 29, 2025**

एयर इंडिया ने सप्ताह में पांच दिन उड़ानों की अनुमति प्राप्त की और अतिरिक्त स्लॉट की मांग की।

**जनवरी 15, 2026**

अंतिम सुरक्षा ऑडिट पूरा; बीसीएएस ने संचालन की अनुमति दी।

**जनवरी 28, 2026**

डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और एसएसपी (रुरल) श्री अंकुर गुप्ता द्वारा अंतिम निरीक्षण किया गया।

**जनवरी 29, 2026**

प्रधानमंत्री कार्यालय से 1 फरवरी उद्घाटन की आधिकारिक पुष्टि मिली; एयर इंडिया ने सप्ताह में सात दिन उड़ानों का अनुरोध किया।

**फरवरी 1, 2026**

माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शाम लगभग 3:45 बजे टर्मिनल भवन का वर्चुअल उद्घाटन किया।

हलवारा हवाई अड्डे के चालू होने से क्षेत्रीय हवाई संपर्क मजबूत होगा, उद्योग और यात्रियों के यात्रा समय में कमी आएगी तथा पंजाब के औद्योगिक, निर्यात और निवेश वातावरण को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। विशेष रूप से उत्तर भारत के प्रमुख विनिर्माण केंद्र लुधियाना को इसका बड़ा लाभ होगा।

# एयर इंडिया को एयरफोर्स से अनुमति, मार्च 2026 के प्रथम सप्ताह से उड़ानें होंगी शुरु









## पंजाब के लिए परिवर्तनकारी उपलब्धि

हलवारा एयरपोर्ट का संचालन शुरू होना पंजाब के लिए एक परिवर्तनकारी कदम सिद्ध होने जा रहा है। इससे न केवल क्षेत्रीय हवाई संपर्क में उल्लेखनीय सुधार होगा, बल्कि उद्योगों और यात्रियों के लिए यात्रा समय में कमी आएगी। साथ ही यह परियोजना पंजाब के औद्योगिक, निर्यात और निवेश परिवेश को नई मजबूती प्रदान करेगी, जिसका विशेष लाभ उत्तर भारत के प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब लुधियाना को मिलेगा।

राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल जी के सक्षम मार्गदर्शन तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान जी के नेतृत्व में, पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री संजीव अरोड़ा जी ने इस दीर्घकालिक लंबित परियोजना को साकार करने के लिए निरंतर फॉलो–अप, प्रभावी नीतिगत संवाद और नागरिक उड्डयन मंत्रालय, एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया, एयरलाइन ऑपरेटर्स तथा पंजाब सरकार के साथ समन्वय स्थापित किया। इन्हीं निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप यह बहुप्रतीक्षित परियोजना अंतत: अपने लक्ष्य तक पहुँच सकी।











# मां बगलामुखी की कृपा से होता है शत्रुओं का नाश व असाध्य रोगों से मिलती है मुक्ति - विधायक कुलवंत सिद्धू






लुधियाना/यूटर्न/3 फरवरी। महंत प्रवीण जी के सानिध्य में 11 फरवरी से 21 फरवरी तक मां बगलामुखी धाम पक्खोवाल रोड में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए मां बगलामुखी के अन्नय भक्त व विधायक कुलवंत सिंह सिद्धू कहा कि मां बगलामुखी की कृपा से शत्रुओं का नाश होता है और असाध्य रोगों से मुक्ति मिलती है। उन्होने कहा कि मां बगलामुखी धाम की तरफ से हमेशा आपसी भाईचारक सांझ का संदेश दिया गया है जिसका उदाहरण हर वर्ग की तरफ से अखंड महायज्ञ में आहूतियां डालकर संयुक्त रूप से अमन शांति की प्रार्थना करने से मिलता है । कुलवंत सिंह सिद्धू ने इस दौरान अपनी सफलता के लिए मां बगलामुखी का शुक्राना किया । 11 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ की जानकारी देते हुए कहा कि मां बगलामुखी धाम के मुख्य सेवादार व पूर्व आईएएस मनप्रीत छतवाल, सेवक नवनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, सुनील महाजन, रमन घई, जतिंदर सूद, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, प्रशोतम चौधरी, बौवी मक्कड, रमन शर्मा, गुनीत खेड़ा, अरूण, चेतन टंडन सहित सेवादारों ने महावीर प्राप्टी सनव्यू के मोहित ढ़ीगरा, समाजसेवी अमित धीमान, सुरेश गोयल, प्रदीप टाटा सहित सहित धार्मिक, सामाजिक व राजनितिक प्रतिनिधियों को अखंड महायज्ञ (महाकुंभ) का निमंत्रण भेंट किया है। अखंड महायज्ञ की महत्वता पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मां बगलामुखी की उपासना तो भगवान श्री राम और भगवान विष्णु भी करते थे। इसलिए मां बगलामुखी की अराधना मात्र से ही सारे कष्ट दूर हो जाते है। उन्होने कहा कि अखंड महायज्ञ में हरेक मां भक्त आकर यज्ञ में आहुतियां डालने के तत्पर हो रहा है। वही इसके साथ साथ देश-विदेश से सदभावना प्रेमी खुद भी यज्ञ में आहुतियां डालें व अपने मित्र परिवारों तक भी आखंड यज्ञ का संदेश पंहुचा कर सदभावना का संदेश दे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Abuse of Process:**
**कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग क्या होता है?**


निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

कानून न्याय दिलाने का माध्यम है, लेकिन जब वही प्रक्रिया किसी को परेशान करने, दबाव बनाने या अनुचित लाभ लेने के लिए इस्तेमाल की जाए, तो उसे Abuse of Process कहा जाता है। आम शब्दों में, इसका मतलब है— कानूनी व्यवस्था का इस्तेमाल न्याय के लिए नहीं, बल्कि गलत उद्देश्य के लिए करना।

Abuse of Process तब सामने आता है जब कोई व्यक्ति बार-बार निराधार मुकदमे दायर करता है, एक ही विवाद को अलग-अलग मंचों पर घुमाता है, या कार्यवाही को जानबूझकर लंबा खींचता है ताकि सामने वाले को थकाया जा सके। कई बार सही मामला भी केवल इस वजह से कमजोर पड़ जाता है कि उसे गलत नीयत के साथ आगे बढ़ाया गया। अदालतें ऐसी प्रवृत्ति को गंभीरता से देखती हैं। न्याय प्रणाली का समय सीमित है, और उसका दुरुपयोग वास्तविक मामलों के साथ अन्याय करता है। इसलिए यदि अदालत को लगे कि कानूनी प्रक्रिया को दबाव बनाने, बदनाम करने या निजी बदले के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, तो वह कड़ी टिप्पणी के साथ कार्यवाही रोक भी सकती है। यह समझना जरूरी है कि हर असफल केस Abuse of Process नहीं होता। किसी व्यक्ति का मुकदमा हार जाना या राहत न मिलना अपने-आप में दुरुपयोग नहीं है। दुरुपयोग तब माना जाता है, जब यह साफ हो कि उद्देश्य न्याय पाना नहीं, बल्कि प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल करना है।

Abuse of Process के विरुद्ध अदालतें कई तरह के उपाय करती हैं—मामले को खारिज करना, लागत लगाना या भविष्य में ऐसी याचिकाओं पर रोक लगाना। इसका मकसद डर पैदा करना नहीं, बल्कि कानून की गरिमा बनाए रखना होता है।

निष्कर्ष: कानूनी प्रक्रिया अधिकार है, हथियार नहीं। जब कानून का इस्तेमाल न्याय के बजाय परेशान करने के लिए किया जाए, तो वही प्रक्रिया उसके खिलाफ खड़ी हो जाती है। Abuse of Process की पहचान और रोक न्याय व्यवस्था को स्वस्थ और विश्वसनीय बनाए रखने के लिए अनिवार्य है।

## रूह से रूबरू



चारू नागपाल

## संसद में सच्चाई की आवाज उठाने वाले सदानंद मास्टर जी।

केरल से सांसद सदानंद मास्टर ने संसद में अपने सशक्त भाषण के माध्यम से लोकतंत्र की वास्तविक परिभाषा पर गंभीर प्रश्न उठाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आज विपक्ष लोकतंत्र की दुहाई तो देता है, लेकिन अपने आचरण में उसके मूल्यों का पालन नहीं करता। भाषण के दौरान उन्होंने यह रेखांकित किया कि लोकतंत्र केवलभाषणों, नारों या आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, मयार्दा और जनादेश के सम्मान से चलता है। सदानंद मास्टर ने कहा कि जब विपक्ष संसद की कार्यवाही को बाधित करता है, चर्चा से भागता है और केवल शोर-शराबे को हथियार बनाता है, तब लोकतंत्र कमजोर होता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में असहमति का अधिकार सभी को है, लेकिन वह असहमति संवाद और तर्क के माध्यम से होनी चाहिए, न कि अवरोध और अराजकता के जरिए। आज से 31 साल पहले कुछ राजनेताओं के गुर्गे बीच सड़क में उनकी दोनों टाँगें काट कर उन्हें आपाहिज बना कर चले गए थे। इसी गहरी चोट को याद करते हुए उन्होंने कहा है किजनता ने जिस विश्वास के साथ अपने प्रतिनिधि चुने हैं, उनका कर्तव्य है कि वे संसद को बहस और समाधान का मंच बनाएं। केवल कैमरों के सामने लोकतंत्र की बात करना और भीतर उसे नकारना दोहरा चरित्र दर्शाता है। सदानंद मास्टर का यह वक्तव्य न केवल संसद के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए एक संदेश है कि लोकतंत्र की रक्षा शब्दों से नहीं, आचरण से होती है जिसकी आजकल बहुत कमी हो चुकी है।

# पंजाब में खतरनाक गैंगस्टरों के बीच बदले की आग, चली ताबड़तोड़ गोलियां

नवीन गोगना

लुधियाना, युटर्न, 3 फरबरी। पंजाब पिछले एक दशक से गैंगवार, बदले और राजनीति की गिरफ्त में है। सुखा काहलवां, लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया और बंबीहा गैंग के बीच चली दुश्मनी ने पूरे राज्य को खून-खराबे के मैदान में बदल दिया है। पंजाब में अपराध का एक नया इतिहास लिखा जा रहा है।

2006 की गर्मियों में चंडीगढ़ की एक शांत दोपहर उस वक्त दहल उठी, जब दिनदहाड़े गोलियों की आवाज गूंजी। पंजाब के कुख्यात गैंगस्टर प्रभजिंदर सिंह उर्फ डिंपी की सरेआम गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह हत्या एक ऐसी खूनी कड़ी की शुरूआत थी, जिसने पंजाब को अपराध की दलदल में धकेल दिया।

डिंपी का हत्यारा रॉकी था, जो फाजिल्का का रहने वाला एक युवा गैंगस्टर था। दो साल बाद रॉकी ने आत्मसमर्पण कर दिया, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हुई। रॉकी की दोस्ती कभी जैपाल भुल्लर, विक्की गौंडर और शेरा खुब्बण जैसे गैंगस्टरों से थी, जो जल्द ही दुश्मनी में बदल गई।

2012 में एक बार फिर गोलियां चलीं। गैंगस्टर अमनदीप सिंह उर्फ हैप्पी दियोड़ा की हत्या शेरा खुब्बण ने कर दी। हैप्पी अकाली नेता सुखदीप सेखों का करीबी था, जिसकी खुद एक साल बाद गोली मारकर हत्या कर दी गई।



2013 में, चमकौर सिंह ने गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज के ऑथोर्पेडिक वार्ड में अपने दुश्मन रणजीत सिंह को गोली मार दी। इसके जवाब में रणजीत के गुर्गो ने चमकौर के भाई और भतीजे की हत्या कर दी। बदले की इस आग में झुलसते हुए चमकौर सिंह बाद में लॉरेंस बिश्नोई गैंग में शामिल हो गया।

### पुलिस हिरासत में हत्या

2015 में एक और सनसनीखेज वारदात सामने आई। कुख्यात गैंगस्टर सुखा काहलवां की पुलिस हिरासत में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए विक्की गौंडर ने कहा, यह मेरे दोस्त लवली बाबा की मौत का बदला था।

इस हत्या में इस्तेमाल की गई कार इंस्पेक्टर इंदरजीत के पास से बरामद हुई थी, जिसे बाद में खुद ड्रग्स केस में गिरफ्तार कर लिया गया।

# एम्बुलेंस न मिलने से हुई थी मां की मौत, अब एनआरआई ने माता-पिता की याद में एक एंबुलेंस गांव वालों को सेवा के लिए दी

राज बब्बर

जगरांव/यूटर्न/3 फरवरी। एनआरआई वीरो के दिलों में अपने गांव के लिए आज भी पूरा प्यार है और इसी प्यार की एक मिसाल एक बार फिर उस समय देखने को मिली, जब एनआरआई सुखदीप सिंह मनीला ने पंजाबी सिंगर राजवीर जवंदा के गांव पोना के लिए अपनी माता हरबंस कौर और पिता शमशेर सिंह की याद में एक एंबुलेंस सेवा के लिए गांव वालों को दी।



इस मौके पर गांव के गुरुद्वारा साहिब के बाहर जमा हुए गांववालों के साथ गांव के सरपंच हरप्रीत सिंह ने कहा कि यह परिवार पहले भी गांव के विकास के कामों और युवाओं के लिए कई तरह के कामों में अपना योगदान देता रहा। अब गांव में किसी को किसी भी समय एंबुलेंस की सेवा की जरूरत हो तो वे इस एंबुलेंस की सर्विस ले सकते हैं। इस मौके पर मौजूद गांववालों और परिवार वालों ने यह भी कहा कि सुखदीप सिंह मनीला की मां को भी उनके आखिरी दिनों में सही समय पर एम्बुलेंस सर्विस मिल जाती, तो शायद वह भी आज हमारे बीच होतीं। इसलिए सुखदीप सिंह के मन में यह सेवा करने का जज्बा काफी समय से था। इस मौके पर पूरे गांव ने सुखदीप सिंह मनीला के परिवार का शुक्रिया अदा किया, और परिवार के सभी सदस्यों को सिरोपा डाल कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर सरपंच हरप्रीत सिंह पोना, मेंबर अमृत लाल, गुरप्रीत सिंह पोना, गगनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, लंबरदार बलविंदर सिंह, तेजिंदर सिंह, शरणजीत सिंह तूर, शिविंदर सिंह, रविंदर सिंह, हरदीप सिंह, हरदीप सिंह धालीवाल, रणजीत सिंह, कुलवंत सिंह, मास्टर गुरमीत सिंह, वाहेगुरु पाल सिंह, करमजीत सिंह, सुरजीत सिंह, लंबरदार जतिंदर सिंह, कुलवंत सिंह, बलदेव सिंह और डॉ. कृष्ण कुमार खास तौर पर मौजूद थे।

# सेक्टर-19 स्नैचिंग केस में जिला अदालत ने पुलिस की अनट्रेस्ड रिपोर्ट को दी मंजूरी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। चंडीगढ़ की अदालत ने सेक्टर-19 थाना में दर्ज स्नैचिंग मामले में पुलिस द्वारा प्रस्तुत अनट्रेस्ड रिपोर्ट को मंजूरी दे दी है। मामला 15 मार्च 2021 का है और इसमें आरोपी अज्ञात था।

सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता बबीता देवी अदालत में पेश हुई और कहा कि एफआईआर उनके बयान के आधार पर दर्ज की गई थी। उन्होंने अदालत में अपनी पहचान के प्रमाण के रूप में आधार कार्ड की प्रति जमा करवाई और पुलिस की अनट्रेस्ड रिपोर्ट पर कोई आपत्ति नहीं जताई।




जांच अधिकारी हेड कॉन्स्टेबल परवेश ने बताया कि आरोपी की तलाश के लिए हर संभव प्रयास किए गए, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिल सका। साथ ही, शिकायतकर्ता की पहचान की पुष्टि भी की गई।

अदालत ने मामले की फाइल का अध्ययन करने के बाद कहा कि पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए समुचित प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। चूंकि मामला अज्ञात आरोपी के खिलाफ था और शिकायतकर्ता ने अनट्रेस्ड रिपोर्ट पर सहमति व्यक्त की, अदालत ने एसएसपी चंडीगढ़ की ओर से दाखिल रिपोर्ट को मंजूरी दे दी।

अदालत ने आदेश दिए कि मूल पुलिस फाइल संबंधित विभाग को भेजी जाए, जबकि उसकी प्रतिलिपि न्यायिक रिकॉर्ड में रखी जाए। इसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर मामले के दस्तावेज रिकॉर्ड रूम में जमा किए जाएं।

इस फैसले के साथ ही यह केस अब आरोपी की गिरफ्तारी के बिना बंद होने की प्रक्रिया में शामिल हो गया है।

# शिशु निकेतन पब्लिक स्कूल एवं क्षेत्रीय पार्षद के सहयोग से गांव इटावा में 7 दिवसीय एन.एस.एस. शिविर के तहत स्वच्छता अभियान आयोजित

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। शिशु निकेतन पब्लिक स्कूल सेक्टर-43 चंडीगढ़ द्वारा दिनांक 2 फरवरी से 8 फरवरी तक 7 दिवसीय एन.एस.एस. (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर के अंतर्गत छात्र-छात्राएं विभिन्न सामाजिक, स्वच्छता एवं जनजागरूकता गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।



शिविर के तीसरे दिन, 3 फरवरी को एन.एस.एस. के स्वयंसेवकों ने स्कूल द्वारा गोद लिए गए गांव इटावा का दौरा किया। इस अवसर पर 'स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण' विषय पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान गांव इटावा की आंगनवाड़ी एवं डिस्पेंसरी परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 एन.एस.एस. स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर क्षेत्र के पार्षद जसबीर सिंह बंटी प्रातः 10:30 बजे कार्यक्रम में उपस्थित हुए तथा विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। उन्होंने युवाओं से स्वच्छता को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का आह्वान किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं साफ-सुथरे वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा। विद्यार्थियों की सक्रिय भूमिका ने यह सिद्ध किया कि युवा पीढ़ी समाज के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती है। कार्यक्रम के अंत में स्थानीय ग्रामीणों एवं उपस्थित प्रतिनिधियों ने इस पहल की प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता अभियानों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

# मनीमाजरा में नाबालिग से छेड़छाड़ का सनसनीखेज मामला, इलाके में हड़कंप



चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। चंडीगढ़ के मनीमाजरा क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ का गंभीर मामला सामने आने से इलाके में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना मनीमाजरा पुलिस के साथ-साथ फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह मामला पिपलीवाला टाउन की गली नंबर-10 का बताया जा रहा है। पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर सबूत जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फोरेंसिक टीम द्वारा मौके से तकनीकी साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं, जबकि पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, मामला बेहद संवेदनशील होने के कारण पुलिस फिलहाल कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जांच प्रारंभिक चरण में है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद इलाके में डर और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस का कहना है कि तथ्यों की पुष्टि और जांच पूरी होने के बाद ही आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। मामले में कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई किए जाने की संभावना जताई जा रही है।



Sreeleela

Uturn Time 04 Feb 2026_Layout 2 03-02-2026 23:28 Page 10



# अमेरिका के 18% टैरिफ से निर्यात उद्योग को बड़ी राहत, एक्सपोर्टर्स में उत्साह

लुधियाना, यूटर्न, 03 फरवरी। अमेरिका ने भारत से आयातित उत्पादों पर लागू अतिरिक्त टैरिफ को पहले के 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर दिया है। यह फैसला भारत-अमेरिका के नए व्यापार समझौते का हिस्सा है, जिसका ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया। भारत की ओर से भी कुछ व्यापारिक प्रतिबद्धताओं पर सहमति बनी है। इसे दोनों देशों के आर्थिक रिश्तों में एक सकारात्मक मोड़ माना जा रहा है। भारतीय निर्यातकों ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि इससे अमेरिकी बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ेगी। चावल, कपड़ा, चमड़ा, रत्न-आभूषण, समुद्री उत्पाद समेत कई प्रमुख सेगमेंट को फायदा मिलने की उम्मीद है। भारतीय चावल निर्यात संघ (IREF) के अनुसार अब 18 प्रतिशत टैक्स संरचना थाईलैंड और पाकिस्तान जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के स्तर के करीब आ गई है, जिससे शिपमेंट वॉल्यूम बढ़ने की संभावना है। उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि इससे "Made in India" ब्रांड को मजबूती मिलेगी और ऑर्डर बुक्स में तेजी आएगी। हालांकि विशेषज्ञ यह भी कहते हैं कि 18 प्रतिशत टैक्स अभी भी अमेरिका की MFN दरों के अतिरिक्त है, इसलिए सरकार से मार्केट एक्सेस और सपोर्ट पॉलिसी पर लगातार संवाद जरूरी है।

### उत्पादन और रोजगार दोनों बढ़ेंगे : गौरव गुप्ता

फोर्जिंग सेक्टर से आरएन गुप्ता एंड कंपनी के एमडी



गौरव गुप्ता ने कहा, 'पहले ऊंचे टैरिफ के कारण हमारे ऑटो और इंडस्ट्रियल पार्ट्स अमेरिकी बाजार में महंगे पड़ रहे थे। अब 18% टैरिफ से हमारी कीमतें प्रतिस्पर्धी होंगी और पुराने ग्राहक दोबारा ऑर्डर देंगे। इससे उत्पादन और रोजगार दोनों बढ़ेंगे।'

### लुधियाना जैसे हब को बड़ा फायदा : गौरव सहगल

हैंड टूल इंडस्ट्री से पाई टूल्स के एमडी गौरव



सहगल ने कहा, ह्ब्लायर, रिंच और अन्य टूल्स अब अमेरिकी बाजार में सस्ते और आकर्षक बनेंगे। इससे लुधियाना जैसे इंडस्ट्रियल हब को बड़ा फायदा मिलेगा, क्योंकि देश का करीब 80 प्रतिशत हैंड टूल और इंजीनियरिंग उत्पादन पंजाब में होता है।

### गारमेंट निर्यातकों की स्थिति मजबूत होगी : सूरज सिंह



टेक्सटाइल सेक्टर में उदय क्राफ्ट के सूरज सिंह ओस्टर ने कहा, कम टैरिफ से भारतीय वस्त्र और गारमेंट निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मक स्थिति मजबूत होगी और उन्हें अमेरिकी बाजार में दोबारा प्रभावी ढंग से उभरने का मौका मिलेगा।



### चीन-ताइवान से बेहतर मुकाबला होगा : गिरीश गुप्ता

पायनियर फास्टनर के गिरीश गुप्ता ने कहा, बोल्ट, नट और स्क्रू जैसे उत्पादों में अब हमें चीन और ताइवान के मुकाबले बेहतर स्थिति मिलेगी। अमेरिकी खरीदारों से नई पूछताछ शुरू हो चुकी है और मार्केट शेयर बढ़ने की उम्मीद है।



### 'मेड इन इंडिया' को मिलेगा बूस्ट : संजीव स्याल

इंजीनियरिंग गुड्स में प्राइमा लुब्रिकेंट्स के संजीव स्याल ने कहा, 'कम टैरिफ से हामेड इन इंडिया' इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स की विश्वसनीयता बढ़ेगी और लॉन्ग-टर्म कॉन्ट्रैक्ट मिलेंगे। पहले ऊंचे टैक्स के कारण उत्पादन धीमा था, अब निर्यात वॉल्यूम, फैक्ट्री उपयोग और मार्जिन में सुधार आएगा।



### रुके ऑर्डर्स को मिलेगी रफ्तार : तेजविंदर सिंह

बिग बैन ग्रुप के चेयरमैन तेजविंदर सिंह ने कहा, इस समय अमेरिका के साथ यह करार बेहद जरूरी था। इंडस्ट्री में जो ऑर्डर्स रुके हुए थे वे अब फिर से चल पड़ेंगे। इससे बाजार में तेजी आएगी और भारतीय निर्यात को नई रफ्तार मिलेगी।

### वहीं निटवियर क्लब के प्रधान दर्शन डाबर ने कहा

यह फैसला लुधियाना के टेक्सटाइल सेक्टर के लिए नई



संजीवनी साबित होगा। नए ऑर्डर्स से इंडस्ट्री को समय पर राहत मिलेगी। 18% टैरिफ से बांग्लादेश, पाकिस्तान और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत को लगभग 2% लागत लाभ मिलेगा, जिससे निर्यात मांग में उछाल आएगा।

## थाना सराभा नगर एसएचओ सस्पेंड, ट्रेनिंग से गैर-हाजिर रहने और अधिकारियों से दुर्व्यवहार करने पर हुआ एक्शन

लुधियाना/यूटर्न/3 फरवरी। लुधियाना पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा द्वारा ड्यूटी में कोताही करने वाले अधिकारियों पर पहल के



आधार पर एक्शन लेने की बात कही गई थी। जिसकी ताजा उदाहरण मंगलवार को देखने को मिली। दरअसल, थाना सराभा नगर के एसएचओ आदित्य शर्मा को सीपी के आदेशों पर सस्पेंड कर दिया गया है। उन पर फिल्लौर में आयोजित एक अहम ट्रेनिंग सेशन में शामिल न होना और मुलाजिमों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगा था। जिसकी रिपोर्ट सीपी के पास पहुंची। सीपी द्वारा मामले में संज्ञान लिया गया है। जिसके बाद एसएचओ आदित्य शर्मा को सस्पेंड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि विभाग की ओर से इस पूरे घटनाक्रम की विस्तृत रिपोर्ट भी पुलिस कमिश्नर को भेजी गई थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गई।

## लुधियाना के हलवारा एयरपोर्ट से मार्च में शुरू होगी फ्लाइट, सामने आया शेड्यूल



लुधियाना/यूटर्न/3 फरवरी। पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लुधियाना के गांव एतियाना स्थित हलवारा एयरपोर्ट का उद्घाटन कर दिया गया है। जिसके चलते अब मार्च महीने से इस एयरपोर्ट से फ्लाइट शुरू होगी। बताया जा रहा है कि हलवारा एयरपोर्ट से एयर इंडिया द्वारा दिल्ली के लिए दो फ्लाइट शुरू की जा रही है। जिसका शेड्यूल सामने आया है। जिसमें पहली फ्लाइट सुबह 7 बजे दिल्ली से लुधियाना आएगी और सुबह 7.40 पर वापिस दिल्ली के लिए रवाना होगी। वहीं दूसरी फ्लाइट दोपहर 3 बजे दिल्ली से लुधियाना आएगी और दोपहर को 3.40 पर दिल्ली के लिए उड़ान भरेगी। जिसके चलते अगर सात बजे फ्लाइट है तो लोगों को वहां दो घंटे पहले पहुंचना होगा।

# बलटाना में 35 फुट रास्ते को लेकर विवाद, तीन घंटे तक तनावपूर्ण रहा माहौल





जीरकपुर, यूटर्न, 03 फरवरी। बलटाना स्थित रविंद्र एन्क्लेव में मंगलवार दोपहर 35 फुट चौड़े रास्ते को लेकर विवाद गहरा गया। स्थानीय निवासियों और जमीन मालिक पक्ष के बीच रास्ते की स्थिति को लेकर करीब तीन से चार घंटे तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मौके पर बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह रास्ता सरकारी नक्शे में 35 फुट चौड़ी सड़क के रूप में दर्ज है और वर्षों से लोग इसी मार्ग का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि जमीन की सफाई कराने के बहाने अचानक रास्ते को बंद करने की कोशिश की गई, जिससे पूरे इलाके में परेशानी बढ़ गई। विवाद के दौरान स्थानीय महिलाओं ने भी खुलकर विरोध दर्ज कराया। डिंपल, सुमन राणा, संगीता चौहान, शालू सैनी, सरिता, उर्मिला, कांता देवी, कोमल मेहता सहित अन्य महिलाओं ने कहा कि यदि जमीन मालिक को जेसीबी मशीन से सफाई करानी थी, तो इसकी सूचना पहले दी जानी चाहिए थी। बिना किसी पूर्व जानकारी के रास्ता बंद किए जाने से लोगों को आने-जाने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। वहीं, जमीन मालिक की ओर से देखरेख कर रहे केयरटेकर ने स्थानीय निवासियों के आरोपों को सिरे से खारिज किया। केयरटेकर ने दावा किया कि विवादित भूमि कोई सार्वजनिक या सरकारी रास्ता नहीं, बल्कि जमीन मालिक सीलम सोई की पुश्तैनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि करीब 15 दिन पहले ही स्थानीय लोगों को सूचित कर दिया गया था कि जमीन पर सफाई कार्य होना है और वहां से अपने वाहन हटा लें। केयरटेकर ने बताया, हमने केवल अपनी जमीन की सफाई के लिए जेसीबी मशीन मंगवाई है। हमारे पास जमीन की फर्द, मालिकाना कागजात और जीपीएस के माध्यम से करवाई गई मैपिंग भी मौजूद है। यह जमीन पूरी तरह हमारे नाम पर दर्ज है और यहां किसी भी प्रकार का 35 फुट का सार्वजनिक रास्ता नहीं है। लोगों का विरोध बेबुनियाद है।

**मौके से चुपचाप लौटे नगर परिषद के ड्राफ्टमैन, लोगों में रोष....** विवाद के दौरान स्थानीय लोगों ने नगर परिषद की भूमिका पर भी नाराजगी जताई। लोगों का आरोप है कि स्थिति बिगड़ती देख नगर परिषद के ड्राफ्टमैन पुनीत सिंगल को मौके पर बुलाया गया, लेकिन वह जनता की समस्या सुनने के बजाय जिम्मेदारी से बचते नजर आए। स्थानीय निवासियों के अनुसार ड्राफ्टमैन मौके पर पहुंचे जरूर, लेकिन करीब 50 मीटर दूर से ही हंगामा देखकर बिना किसी से बातचीत किए और बिना नक्शा या रिकॉर्ड स्पष्ट किए चुपचाप वापस लौट गए। इस रवैये से इलाके में भारी रोष फैल गया और नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए।

फिलहाल स्थिति शांत है, लेकिन स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी नक्शों और रिकॉर्ड की जांच कर रास्ते की वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए और उचित कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह का विवाद दोबारा न हो।

# होशियारपुर में 4 युवकों की मौत, कार ने 2 स्कूटियों को रौंदा, फिर बेकाबू होकर ट्रक में घुसी

पंजाब/यूटर्न/3 फरवरी। होशियारपुर में तेज रफ्तार बेकाबू कार ने पहले 2 स्कूटियों को रौंदा, फिर सड़क किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में स्कूटियों पर सवार 4 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार ड्राइवर गंभीर घायल है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कूटियों के परखच्चे उड़ गए। हादसा जालंधर-पठानकोट नेशनल हाईवे पर मुकेरिया शुगर मिल के पास देर करीब 1 बजे हुआ। दो स्कूटियों पर सवार चार युवक काम करके घर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही स्कूटियों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर दूर तक सिर्फ मलबे के ढेर नजर आए।



## काम करके लौट रहे थे चारों युवक

जानकारी के अनुसार, मृतकों की पहचान सुखविंदर सिंह और नरिंदर कुमार, विविध साहू और मिथुन मंडल के नाम से हुई। इसमें विविध साहू और मिथुन मंडल दरभंगा बिहार के रहने वाले हैं। हादसे में मरने वाले चारों युवक स्थानीय पैलेस और होटलों में काम करते थे। देर रात एक शादी समारोह का काम निपटाकर वे अपनी स्कूटियों पर सवार होकर घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।स्कूटी सवारों ने पीछे से आती तेज कार को देखकर अपनी स्कूटी सड़क के किनारे करने की कोशिश भी की, लेकिन कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि ड्राइवर ने नियंत्रण खो दिया और उन्हें सीधे टक्कर मार दी।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटियों को टक्कर मारने के बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े एक ट्रक में जा घुसी।

## वारदात की फिराक में घूम रहा आरोपी हथियारों सहित काबू

सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/3 फरवरी। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे एक आरोपी को बठिंडा पुलिस ने अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कथित आरोपी के पास से 32 बोर के दो देसी पिस्तौल, दो मैगजीन और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ थाना संगत में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी संदीप भाटी ने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा गैंगस्टरों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एसएसपी ज्योति यादव के नेतृत्व में और एसपीडी जस्मीत सिंह साहिवाल के दिशा-निर्देशों पर सीआईए स्टाफ-1 के एएसआई गुरप्रीत सिंह की टीम रोजाना गश्त पर थी। गश्त के दौरान जब पुलिस टीम संगत कलां पेट्रोल पंप के पास पहुंची, तो शक के आधार पर एक युवक को रोककर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 32 बोर के दो पिस्तौल, दो मैगजीन और दो कारतूस बरामद किए गए। डीएसपी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश निवासी गांव संगत कलां के रूप में हुई है। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर थाना संगत में आर्ट्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। डीएसपी ने बताया कि आरोपी खिलाफ पहले भी लड़ाई-झगड़े का मामला दर्ज है, जिसमें वह जमानत पर जेल से बाहर आया हुआ था।



# मुलाकाती ही जज बन जाएं...डेरा ब्यास प्रमुख और मजीठिया की मुलाकात पर सीएम का तंज

नवीन गोगना

लुधियाना, युटर्न, 3 फरवरी। डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों सोमवार को पटियाला जेल में बंद बिक्रम मजीठिया से मिलने पहुंचे थे। जेल परिसर से बाहर आने के बाद डेरा प्रमुख ने मजीठिया के खिलाफ लगे आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया था। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने एक ट्वीट के जरिए शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया और डेरा राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों की जेल में हुई मुलाकात पर कड़ा तंज कसा है। मान ने अपनी पोस्ट में लिखा-कल बन जाएं चाहे आज बन जाएं, अदालतों का वहां रब्ब राखा जहां मुलाकाती ही जज बन जाएं। डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों सोमवार को पटियाला जेल में बंद बिक्रम मजीठिया से मिलने पहुंचे थे। जेल परिसर से बाहर आने के बाद डेरा प्रमुख ने मजीठिया के खिलाफ लगे आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया था। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए संकेत दिया कि जब जेल में मिलने आने वाले लोग ही आरोपी को 'क्लीन चिट' देने लगें और खुद 'जज' की तरह व्यवहार करें, तो न्याय प्रणाली की गरिमा प्रभावित होती है। गौरतलब है कि इस मुलाकात और डेरा प्रमुख के बयान के कुछ ही घंटों बाद सुप्रीम कोर्ट से मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति मामले में जमानत मिल गई।




# बिक्रम मजीठिया ने विपक्ष पर कसा तंज

पंजाब/यूटर्न/3 फरवरी। पंजाब के पूर्व मंत्री एवं शिरोमणि अकाली दल के सीनियर नेता बिक्रम सिंह मजीठिया मंगलवार को पटियाला की नाभा जेल से बाहर आ गए। उन्होंने बाहर आते ही समर्थकों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया। इसके बाद उन्होंने मूंछों पर ताव दिया। समर्थकों को संबोधित करते हुए मजीठिया ने कहा- जितना सरकार ने दबाया, उतनी ताकत मिली। दिल्ली हुक्मरानों के साथ ईंट से ईंट टकरानी है। मुझे इस बात की प्रेरणा मिली है। जेल में भी मैं भगवंत मान और केजरीवाल के नाम वाले तकिए गोड्डे थल्ले रखकर सोता था। मजीठिया ने कहा- मैं दिल की गहराइयों से आप सबका, अपनी माता बहनों का, मजीठा हलके में बैठे प्रत्येक जन का धन्यवाद करता हूं, जिन्होंने मेरे लिए अरदास की। सरकार चाहती थी कि यह मरा बाहर आए। जिंदा बाहर न आए। मान का बस चलता तो वह मुझे भी मरवा देता, जैसे सिद्धू मूसेवाला को मरवाया। समर्थकों को संबोधित करने के बाद मजीठिया पटियाला में गुरुद्वारा साहिब पहुंचे। यहां उन्होंने माथा टेका।

## डेरा ब्यास प्रमुख द्वारा मजीठिया को बेगुनाह बताने पर सियासत में बवाल



सोमवार को जमानत मिलने से पहले डेरा ब्यास के मुखी बाबा गुरिंदर ढिल्लो ने जेल में मजीठिया से मुलाकात की। बाहर आकर उन्होंने मजीठिया पर दर्ज किए ड्रग्स व अन्य केस को गलत ठहरा दिया था। इसको लेकर अब सीएम भगवंत मान ने डेरा मुखी का नाम लिखे बिना सोशल मीडिया पर तंज कसा। मान ने लिखा कि कल बन जाए, भले आज बन जाएं, अदालतों का भगवान ही रखवाला, जहां मुलाकाती ही जज बन जाएं।

## सीएम की पोस्ट पर भाजपा का पलटवार

सीएम की पोस्ट के बाद भाजपा ने पलटवार किया है।



भाजपा प्रवक्ता प्रितपाल सिंह बलियेवाल ने कहा- अति का खुदा से भी बैर होता है। अब आप भगवान रूपी आत्माओं की भी नुक्ताचीनी करने लगे हैं। राधा स्वामी सत्संग ब्यास के मुखिया बाबा गुरिंदर सिंह जी करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं, लेकिन आपको कौन समझाए। डेरा की संगत और पंजाब की जनता इस अपमान का जवाब देगी।

## बाबा ढिल्लों से माफी मांगे सीएम मान - सुखपाल खैहरा

कांग्रेस के सीनियर नेता और भुलत्थ के विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा डाली गई पोस्ट की कड़ी निंदा की है। खैरा ने कहा कि मान ने राधा स्वामी सत्संग ब्यास के प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह जी को निशाना बनाने और अपमानित करने के लिए अपमानजनक और घटिया भाषा का इस्तेमाल किया, सिर्फ इसलिए कि बाबा जी ने शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से मुलाकात की थी। खैहरा ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है कि एक मौजूदा मुख्यमंत्री ने सिर्फ एक सामाजिक मुलाकात की वजह से एक सम्मानित आध्यात्मिक नेता को राजनीतिक कीचड़ में घसीटा। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक और धार्मिक नेता अक्सर जीवन के अलग-अलग क्षेत्रों के लोगों से मिलते हैं, और ऐसी मुलाकातों का राजनीतिकरण करना मुख्यमंत्री के पद की गरिमा पर बुरा असर डालता है।



# महिला की बातों में फंसा चंडीगढ़ का बुजुर्ग, पांच साल में साइबर ठगों ने ठगे 60 लाख रुपये

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। चंडीगढ़ में साइबर ठगी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां बीमा पॉलिसी के नाम पर साइबर ठगों ने 66 वर्षीय बुजुर्ग से करीब 60 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगी का यह सिलसिला करीब पांच साल तक चलता रहा और पीड़ित लगातार ठगों के झांसे में आकर रकम ट्रांसफर करता रहा। मामला सेक्टर-40ए निवासी बुजुर्ग से जुड़ा है, जो पेशे से मिस्त्री है। पीड़ित ने इस संबंध में साइबर क्राइम थाना, सेक्टर-17 में शिकायत दर्ज कराई है।



## कनाडा में तीन पंजाबी छात्र गिरफ्तार: 19 से 21 साल उम्र, स्टडी वीजा पर गए थे तीनों




नवीन गोगना

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। दक्षिण एशियाई देशों, खासकर भारत के पंजाबी मूल कारोबारियों से फिरौती वसूली की कोशिशों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरी पुलिस ने तीन पंजाबी युवकों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरजोत सिंह (21), दयाजीत सिंह बिलिंग (21) और तरनवीर सिंह (19) के रूप में हुई है। तीनों 12वीं के बाद स्टडी वीजा पर कनाडा गए थे। इन पर सरी के क्रिसेंट बीच इलाके में एक घर पर गोलीबारी करने के आरोप हैं। अदालत ने उन्हें वीरवार तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सरी पुलिस की प्रेस विज्ञप्ति व सरी पुलीस एक्स के अनुसार, घर के बाहर गोलीबारी और आगजनी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तीनों को घटना के तुरंत बाद टैक्सी में फरार होने की कोशिश करते हुए गिरफ्तार किया। स्टाफ सार्जेंट लिंडसे हॉटन ने बताया कि आरोपियों ने गिरफ्तारी के दौरान विरोध किया, जिसके चलते उन्हें काबू में किया गया और इसी दौरान उन्हें चोटें आईं।

## सेक्टर 31 थाना पुलिस ने ड्रग पेडलर को 9.80 ग्राम हेरोइन के साथ दबोचा

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। चंडीगढ़ पुलिस ने नशे के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए सेक्टर-31 थाना की टीम ने 9.80 ग्राम चिट्टा के साथ एक युवक ड्रग पेडलर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बापू धाम कॉलोनी निवासी अनंद कुमार उर्फ आदर्श के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार 2 फरवरी 2026 को शाम लगभग 7 बजे, एसआई राज कुमार और उनकी टीम इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2, चंडीगढ़ में गश्त पर थे। इस दौरान उन्होंने डिटेलिंग एक्सपर्ट कंपनी के सामने एक संदिग्ध युवक को देखा, जो पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा। टीम ने तुरंत



उसे पकड़ लिया।

जांच के दौरान आरोपी के पास 9.80 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के पास हेरोइन रखने का कोई परमिट या लाइसेंस नहीं था। यह कार्रवाई एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर के निरीक्षण में और सेक्टर 31 इंस्पेक्टर राजीव कुमार के नेतृत्व में की गई।

इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया कि आरोपी का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है, लेकिन उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।इंस्पेक्टर राजीव कुमार ने बताया की यह गिरफ्तारी शहर में नशे के कारोबार पर लगाम लगाने की दिशा में बड़ी सफलता है। उन्होंने जनता से अपील की कि ऐसे मामलों में पुलिस को तुरंत जानकारी दें और किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार से दूर रहें।यह गिरफ्तारी शहर में नशे के खिलाफ सख्त संदेश देती है और पुलिस की सतत निगरानी एवं कार्रवाई को दशार्ती है।

## सेक्टर 56 से 14.98 ग्राम चिट्टा बरामद, अभिषेक उर्फ अभी गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 03 फरवरी। चंडीगढ़ में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सेक्टर 39 थाना पुलिस ने सेक्टर 56 से 14.98 ग्राम चिट्टा बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अभिषेक उर्फ अभी के रूप में हुई है। गिरफ्तार आरोपी अभिषेक को आज जिला अदालत में पेश किया गया, जहां से एक दिन का पुलिस रिमांड मिला । पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क, सप्लाई चेन और इसमें शामिल अन्य तस्करों के बारे में



गहन पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई थाना सेक्टर 39 के प्रभारी रामदयाल के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा की गई। टीम में सब-इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी भी शामिल रहे। थाना प्रभारी रामदयाल के अनुसार मामले की गहराई से जांच जारी है और नशा तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।रामदयाल ने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी सूरत में नशा कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## बिक्रम मजीठिया की रिहाई का पंजाब की राजनीति के लिए क्या मतलब है



संदीप शर्मा, सम्पादक

बिक्रम मजीठिया को कभी राजनीतिक साजिशों का शिकार तो कभी गहरे भ्रष्टाचार का प्रतीक बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद 3 फरवरी को आय से ज्यादा संपत्ति के मामले में नाभा जेल से उनकी रिहाई और इस पर दिए गए राजनीतिक बयानों ने उन्हें फिर से सुर्खियों में ला दिया है। पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं, ऐसे में SAD के सूत्रों का कहना है कि मजीठिया शिरोमणि अकाली दल को फिर से मजबूत करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं और इखढ के साथ पार्टी के गठबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। एक अहम बात यह है कि वह राधा सोमी सत्संग ब्यास के प्रमुख गुरिंदर ढिल्लों के करीबी हैं, जिन्होंने उनकी रिहाई से एक दिन पहले उनसे मुलाकात की थी। ढिल्लों ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मजीठिया के खिलाफ ड्रग तस्करी और आय से ज्यादा संपत्ति के मामले झूठे थे।

ढिल्लों का समर्थन महत्वपूर्ण है क्योंकि पंजाब में चुनावों में अलग-अलग डेरों के प्रभाव को लेकर काफी खींचतान देखी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में गुरु रविदास जयंती पर दोआबा में डेरा बल्लां का दौरा किया और डेरा प्रमुख के पैर छुए। कहा जाता है कि इस डेरे ने चुनावों में अहम भूमिका निभाई है। डेरा ब्यास में फ्रर प्रमुख मोहन भागवत कई बार आ चुके हैं, जिसमें 2012, 2014, 2018 और हाल ही में 2023 की यात्राएं शामिल हैं, जो व्यापक हिंदू राष्ट्रवादी नेटवर्क के साथ इसके संबंधों को उजागर करता है जो इखढ के हितों के साथ मेल खा सकते हैं। डेरा प्रमुख के मजीठिया की पत्नी गनीव कौर के साथ पारिवारिक संबंध हैं। इसके बाद पंजाब BJP प्रमुख सुनील जाखड़ का एक बयान आया, जिसमें इखढ के मजीठिया के प्रति नरम रुख का संकेत मिला। जाखड़ ने कहा कि संतों के बयान बेकार नहीं जाते। इस पर विस्तार से बताते हुए उन्होंने कहा कि अअढ सरकार किसी भी ऐसे व्यक्ति को जेल में डालने के लिए बदनाम है जो उसके खिलाफ बोलने की हिम्मत करता है। ₹मजीठिया इसकी कीमत चुका रहे हैं और कई अन्य लोगों की तरह वह भी जेल से बाहर आ गए हैं। मजीठिया पहले भी चुनावी हार और जेल की सजा से उबर चुके हैं। अब जानकार सोच रहे हैं कि क्या उनकी वापसी SAD को फिर से मजबूत करेगी या पंजाब की राजनीति में पुराने जख्मों को फिर से खोल देगी। मजीठिया का उदय 2012 के विधानसभा चुनावों से शुरू हुआ, जब यूथ अकाली दल के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने युवा वोटरों को लामबंद किया और रअऊको प्रकाश सिंह बादल के नेतृत्व में लगातार दूसरा कार्यकाल हासिल करने में मदद की। उनके आक्रामक अंदाज ने उन्हें तारीफ और आलोचना दोनों दिलाई, प्रतिद्वंद्वी उन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाते थे, जबकि पार्टी के अंदरूनी लोग उन्हें एक मजबूत नेता के तौर पर देखते थे। पारिवारिक तनाव भी सामने आए, खासकर 2014 में जब लोकसभा चुनाव नामांकन के दौरान प्रकाश सिंह बादल ने सार्वजनिक रूप से उन्हें फटकारा। मजीठिया को अमृतसर लोकसभा क्षेत्र का प्रबंधन करने का काम सौंपा गया था, जहाँ बीजेपी के वरिष्ठ नेता अरुण जेटली तत्कालीन कांग्रेस के दिग्गज नेता कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ चुनाव लड़ रहे थे। हालांकि, जब बादल ने मजीठिया को बठिंडा में अपनी बहन हरसिमरत कौर के नामांकन पत्र दाखिल करते समय देखा, तो उन्होंने उन्हें डांटा।

2017 में SAD के पतन के बावजूद, मजीठिया ने अपनी मजीठा सीट बरकरार रखी। लेकिन उनका राजनीतिक करियर ड्रग्स के आरोपों से घिरा रहा, जिसकी शुरूआत 2013 में हुई जब आरोपी तस्कर जगदीश भोला ने एक सिंथेटिक ड्रग रैकेट में उनका नाम लिया। तब विपक्षी पार्टियों, खासकर अअढ ने उन्हें पंजाब के ड्रग संकट का चेहरा बना दिया। 2021 में NDPS एक्ट के तहत एक FIR दर्ज हुई, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया, और 2022 में जमानत मिलने से पहले उन्होंने महीनों जेल में बिताए। 2022 में AAP के उदय से नई मुश्किलें आईं। 2025 में, मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया गया, उन पर अपनी ज्ञात आय के स्त्रोतों से ज्यादा संपत्ति जमा करने का आरोप था। 40,000 पन्नों की चार्जशीट में बेनामी सौदों और विदेशी निवेश के जरिए कथित मनी लॉन्ड्रिंग का ब्योरा दिया गया था। उनकी रिहाई से रअऊ को हौसला मिला है, जो दावा करती है कि ये मामले राजनीतिक रूप से प्रेरित थे। पार्टी नेताओं का तर्क है कि अअढ आरोपों को साबित करने में नाकाम रही, जबकि आलोचकों का कहना है कि मजीठिया के विवाद अभी भी अनसुलझे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9814295372
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।